शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध कार्यवाही

संख्या- 15/1456 /अडतीस-7-2014-407नरेगा/2010

प्रेषक,

सुधीर कुमार श्रीवास्तव ,
सचिव,
उत्तर प्रदेश, शासन।

सेवा में,

1 समस्त जिलाधिकारी/जिला कार्यक्रम समन्वयक,
उत्तर प्रदेश।
2 समस्त मुख्य विकास अधिकारी/अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,
उत्तर प्रदेश।

ग्राम्य विकास अनुभाग-7 **लखनऊ दिनांक 26 जून, 2014**

विषय- वन विभाग द्वारा प्रस्तुत योजना/कार्ययोजना की स्वीकृति प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वन विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष 01 जुलाई से 07 जुलाई तक " वन महोत्सव " कार्यक्रम मनाया जाता है तथा 01 जुलाई से ही वृक्षारोपण का कार्य प्रारम्भ किया जाता है। उक्त कार्यक्रम की सार्थकता तभी हो सकती है, जब वन विभाग द्वारा मनरेगा योजनान्तर्गत प्रस्तुत योजना/कार्ययोजना को समय से स्वीकृति प्रदान की जाय, जिससे कि विभाग द्वारा वृक्षारोपण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर समय से प्रारम्भ कराया जा सके।

2- शासन के संज्ञान में यह लाया गया है कि कतिपय जिलाधिकारियों/जिला कार्यक्रम समन्वयक द्वारा अभी तक योजना/कार्ययोजना स्वीकृति नहीं किया गया है जिसके कारण वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रभावित हो रहा है। चूंकि वृक्षारोपण एक मौसम आधारित कार्यक्रम है, जिसमें ससमय कार्यवाही अत्यावश्यक होता है, अत: अनुरोध है कि वन विभाग द्वारा प्रस्तुत की गयी योजना/कार्ययोजना को जनपद के अनुमोदित लेबर बजट के सापेक्ष विलम्बतम 15 दिन के अंदर स्वीकृत किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

कृपया उक्त निर्देशों का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही से शासन को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(सुधीर कुमार श्रीवास्तव)
सचिव ।

संख्या- 1456 (1)/अइतीस-7-2014-तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. **प्रमुख सचिव, वन विभाग, उ0प्र0शासन।**
2. **प्रमुख वन संरक्षक, उ0प्र0, लखनऊ/अपर प्रमुख वन संरक्षक सामाजिक एवं कृषि वानिकी, उ0प्र0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से जिला वनाधिकारी को निर्देशित करने का कष्ट करें कि जिलाधिकारियों/जिला कार्यक्रम अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शीघ्रताशीघ्र कार्य योजना स्वीकृति कराकर वृक्षारोपण प्रारम्भ करायें।**
3. **आयुक्त/ रोजगार गारण्टी आयुक्त, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश।**

http://shasanadesh.up.nic.in

4. अपर आयुक्त (मनरेगा), ग्राम्य विकास, उ0प्र0।
5. समस्त संयुक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक/परियोजना निदेशक, डीआरडीए, उ0प्र0।
6. नोडल अधिकारी, वृक्षारोपण ग्राम्य विकास, उ0प्र0।
7. गार्ड बुक।

आज्ञा से

(अशोक कुमार)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in